देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 165 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...जोरदार मुकाबला




# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 1 अक्टूबर 2021




मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 24.0°

40243.39

2 अफगानिस्तान को निगल नहीं सकते

7 नैतिकता का पाठ पढ़ाना बंद करो

# विकास की धारा को नया मोड़ मिलेगा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार राजस्थान में चार मेडिकल कालेजों की नींव रखी है। इस दौरान उन्होंने पेट्रोकेमिकल्स टेक्नोलाजी इंस्टीट्यूट का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया भी मौजूद थे। राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े। इसके साथ ही पीएम मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र-आयुष्मान भारत और वैक्सीनेशन सहित कई मुद्दों पर अपनी बात रखी।

बता दें कि स्वास्थ्य क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है। देश के साथ प्रदेश में विकास की धारा को नया मोड मिलेगा। इसके तहत दौसा, बांसवाड़ा, सिरोही और हनुमानगढ़ जिले में मेडिकल कालेज बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन चारों जिलों में बनने वाले मेडिकल कालेज का वर्चुअल शिलान्यास किया।

## पीएम मोदी ने राजस्थान में 4 मेडिकल कालेजों की रखी नींव

**इन मेडिकल कालेजों में 2,000 से अधिक छात्रों को मिलेगा प्रवेशः मनसुख मंडाविया**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि राजस्थान में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करते हुए 2000 से अधिक छात्रों को इन मेडिकल कालेजों में प्रवेश मिलेगा।



### स्वास्थ्य क्षेत्र को बदलने के लिए एक नई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति

पीएम मोदी ने कहा कि हम देश के स्वास्थ्य क्षेत्र को बदलने के लिए एक नई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति पर काम कर रहे हैं। स्वच्छ भारत अभियान से आयुष्मान भारत और अब आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन आदि इसी का हिस्सा हैं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में लांच किए गए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन देश के हर कोने में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में मदद करेगा। अच्छे अस्पतालों, प्रयोगशालाओं, फार्मेसियों आदि तक पहुंच बस एक क्लिक की दूरी पर होगी। इससे मरीजों के मेडिकल दस्तावेज सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी ने दुनिया भर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत कुछ सिखाया है। हर देश इस संकट से अपने-अपने तरीके से निपटने में लगा हुआ है। भारत ने इस दौरान अपनी ताकत, आत्मनिर्भरता बढ़ाने का संकल्प लिया है। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, पहले मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया पर कैसे-कैसे आरोप लगते थे। इसका बहुत बड़ा प्रभाव मेडिकल शिक्षा की क्वालिटी पर पड़ा। हर सरकार इसमें बदलाव के बारे में सोचती थी, लेकिन कर नहीं पाई। मुझे भी इसमें सुधार करने में दिक्कत आई थी। इसे ठीक करने के अब नेशनल मेडिकल एजुकेशन कमिशन बना दिया गया। उन्होंने कहा कि मेडिकल सुविधाओं की हालत में सुधार करना बहुत चुनौतीपूर्ण था। हमने इस चुनौती को स्वीकारा और मिलकर हालात बदलने की कोशिश की।

पीएम ने आगे कहा कि दो दशक के प्रयास से गुजरात ने मेडिकल सीटों में छह गुना बढ़ोतरी की है। मुख्यमंत्री के रूप में मुझे मेडिकल की जो कमियां दिखी थी,उन्हे पिछले छह साल में ठीक करने का प्रयास किया।

मेडिकल राज्य का विषय हूं,लेकिन मैं सीएम रहा हूं तो राज्यों की दिक्कत जानता हूं,इसलिए केंद्र के स्तर पर जो कुछ हो सकता है। हमने इसके लिए मेडिकल पर राष्ट्रीय सोच पर काम करते हुए नई स्वास्थ्य नीति बनाई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राजस्थान के साढ़े तीन लाख लोगों का मुफ्त इलाज हो चुका है।

## 88 करोड़ से अधिक लोगों का हुआ वैक्सीनेशनः पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साथ ही कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े कुशल का प्रभाव स्वास्थ्य सेवाओं में देखने को मिल रहा है। कोरोना महामारी के दौरान इसका महत्व अधिक महसूस किया गया। जिसका परिणाम है कि केंद्र ने मुफ्त टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किया और जारी रखा है। आज भारत ने 88 करोड़ से अधिक की वैक्सीन दी है। 2500 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर काम करना शुरू कर चुके हैं। मोदी ने कहा कि एम्स, हेल्थ सेंटर्स और अस्पतालों का नेटवर्क तेजी से फैलाना जरूरी है। 100 से ज्यादा मेडिकल कालेजों पर तेजी से काम चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### चन्नी और सिद्धू की वार्ता खत्म, 4 अक्टूबर को बुलाई कैबिनेट मीटिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की बातचीत खत्म हो गई है। दोनों नेता मीडिया से बात किए बगैर निकल गए। बैठक के बाद कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सारे मामले सुलझ गए हैं और इस बारे में कल तक स्थिति साफ हो जाएगी। सिद्धू ने इस्तीफा वापस लिया या नहीं इस बारे में अभी कुछ स्पष्ट नहीं हो सका है।

### किसान आंदोलन को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**संवाददाता** नई दिल्ली। राजमार्गों को हमेशा के लिए कैसे अवरुद्ध किया जा सकता है, सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पिछले साल पारित तीन कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों द्वारा राजमार्गों को अवरुद्ध करने का जिक्र करते हुए कहा कि अदालत द्वारा निर्धारित कानून को लागू करना कार्यपालिका का कर्तव्य है।

## अमरिंदर ने कांग्रेस से 52 साल का रिश्ता तोड़ने का किया ऐलान

### मैं बीजेपी में नहीं जा रहा हूं लेकिन कांग्रेस में भी लंबे वक्त तक नहीं रहूंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पिछले तीन दिनों से दिल्ली में सक्रिय हैं। इससे पंजाब की सियासत में हलचल बढ़ गई है। कैप्टन अमरिंदर ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की। कैप्टन की दिल्ली में सक्रियता से पंजाब में उनके अगले कदम को लेकर कयासबाजी तेज हो गई है। उधर, कुछ टीवी चैनलों के अनुसार, कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि वह कांग्रेस छोड़ देंगे। बाद में कैप्टन अमरिंदर सिंह दिल्ली एयरपोर्ट से चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गए हैं।

कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि उन्होंने (कांग्रेस नेतृत्व) ने मुझे अपमानित किया। मैं कांग्रेस छोड़ दूंगा। उन्होंने कहा कि अब अपमान सहन नहीं होता है। इसके साथ ही उन्होंने अभी भाजपा सहित किसी भी पार्टी में शामिल होने से इन्कार किया। उन्होंने साफ कहा कि वह भाजपा में नहीं जा रहे हैं। इस तरह कैप्टन अमरिंदर सिंह के कांग्रेस छोड़ने की अटकलों पर एक तरह से मुहर लगती दिख रही है।

इससे पहले कैप्टन अमरिंदर सिंह बृहस्पतिवार को दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के आवास पर पहुंचे। दोनों के बीच बातचीत के बाद कयासबाजी का बाजार गर्म हो गया। बताया जाता है कि कैप्टन अमरिंदर ने डोभाल को सीमा पार से पाकिस्तान की ओर से पंजाब की सुरक्षा के लिए पैदा हो रही चुनौतियों व खतरे के बारे में अवगत कराया। उन्होंने डोभाल से इस बारे में कारगर कदम उठाने का भी अनुरोध किया।

बता दें कि कैप्टन अमरिंदर सिंह ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इसके बाद पंजाब की राजनीति में तूफान सा आ गया था।

### 50 साल बाद मेरी विश्वसनीयता पर शक हो रहा है

अमरिंदर सिंह ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, जिस तरह मेरे साथ कांग्रेस के अंदर व्यवहार हुआ, साढ़े 10 बजे मुझे हाईकमान कॉल करते हैं कि आप इस्तीफा दे दो। मैंने एक बार भी नहीं पूछा क्यों, मैंने तुरंत इस्तीफा लिखकर 4 बजे राज्यपाल को दे दिया। जो पर्यवेक्षक आए थे उन्होंने सबको कॉल किया लेकिन सीएम हाउस में किसी ने नहीं जाना। अगर 50 साल बाद मेरी विश्वसनीयता पर शक हो रहा है तो फिर कुछ बचा नहीं। मेरे साथ ऐसा व्यवहार नहीं जाएगा।

## वीआर चौधरी बने नए वायुसेना प्रमुख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी भारतीय वायुसेना के नए प्रमुख बन गए हैं। उन्होंने आरकेएस भदौरिया की जगह ली है। एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी जो चीन के साथ संकट के चरम के दौरान लद्दाख सेक्टर के प्रभारी थे, उन्होंने गुरुवार को एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया से नए वायु सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभाला। निवर्तमान वायुसेना अध्यक्ष आरकेएस भदौरिया आज वायुसेना से रिटायर हो गए। रिटायरमेंट से पहले निवर्तमान वायुसेना चीफ ने बृहस्पतिवार को दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

आरकेएस भदौरिया 42 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। इस दौरान उन्होंने 36 राफेल और 83 मार्क1ए स्वदेशी तेजस जेट सहित दो मेगा लड़ाकू विमान सौदों में अहम भूमिका निभाई थी। उनका करियर पैंथर्स स्क्वाड के साथ MIG-21 की उड़ान के शुरू हुआ था और फिर उसी एयरबेस पर और उसी स्क्वाड्रन के साथ ही समाप्त हुआ। पूर्व एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया ने 13 सितंबर को 23 वर्ग, हलवारा में वायु सेना प्रमुख के रूप में एक लड़ाकू विमान में अपनी अंतिम उड़ान भरी। करीब चार दशक की सेवा के दौरान भदौरिया ने जगुआर स्क्वाड्रन और एक प्रमुख वायु सेना स्टेशन का नेतृत्व किया।

### पदभार

■सितंबर 2019 में आरकेएस भदौरिया ने संभाला था पद

**कौन हैं वीआर चौधरी?:** वी आर चौधरी भारतीय वायुसेना में 1982 में शामिल हुए थे और फाइटर-स्ट्रीम से ताल्लुक रखते हैंज वे मिग-29 फाइटर जेट के पायलट रह चुके हैं और पिछले 39 साल के कैरियर में कई कमान और स्टाफ नियुक्तियां कर चुके हैं। वे इससे पहले तक सह-वायुसेना प्रमुख के तौर पर तैनात थे। इससे पहले वे एयरफोर्स एकेडमी में इस्ट्रक्टर के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development** — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding** — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation** — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


## त्योहारों में बेहद एहतियात बरतने की जरूरत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केरल में भले ही कोरोना संक्रमण के मामलों में गिरावट दर्ज की गई है लेकिन अभी भी हालात सामान्य नहीं हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण ने गुरुवार को कहा कि पिछले 24 घंटों में देश में 23 हजार के लगभग मामले दर्ज किए गए। पिछले हफ्ते दर्ज किए गए कुल मामलों में से 60 फीसद केरल में दर्ज हुए। केरल में अभी भी एक लाख से ज्यादा सक्रिय मामले हैं जो देश के कुल सक्रिय मामलों का 52 फीसद है। उन्होंने यह भी कहा कि त्योहारी सीजन में लोगों को खास एहतियात बरतने की जरूरत होगी।

### मामलों में गिरावट दर्ज लेकिन हालात समान्य नहीं

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि अभी भी देश में हर रोज 15-16 लाख टेस्ट किए जा रहे हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि पाजिटिविटी रेट में गिरावट आ रही है। जैसे-जैसे त्योहार नजदीक आ रहे हैं, हम सभी से भीड़ से बचने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और फेस मास्क का उपयोग करने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से गुजारिश की कि वे कोविड को लेकर उचित व्यवहार को बनाए रखते हुए त्योहार मनाएं।